गाथा २ : छायेव अनपायिनी—जैसे मनुष्य की छाया (प्रतिबिम्ब) शरीर के साथ साथ ही चलते समय चलती है, बैठते समय बैठती है, खड़े रहते हुए खड़ी रहती है। उसे किसी भी तरह, मृदु या कठोर वचन बोलकर या दण्ड प्रहार कर, दूर नहीं हटाया जा सकता; क्योंकि वह शरीर के साथ सम्पृक्त है, प्रतिबद्ध है। इसी तरह इन दश कुशल कर्मों से प्राप्त, इनके सहारे से एकत्र किया हुआ, कामावचरादि भेद से विविध कायिक चैतसिक सुख, उसकी छाया की तरह, उसके साथ ही लगा रहता है, भले ही वह कहीं भी जावे या आवे॥

गाथा ३, ४ : अक्कोच्छि—कुस (अक्कोसे) धातु + अज्जतनी विभत्ति (सं० लुङ्लकार) पठम पुरिस एकवचन—अक्कोसि। 'कुसस्मादीच्छि' (क०सू० ३/४/१७) से 'सि' को 'च्छि' आदेश॥

गाथा ६: मयमेत्थ यमामसे—इस गाथा का आचार्य बुद्धघोष ने यह अर्थ (व्याख्यान) भी किया है—"ये (मेरे विरोधी) कलहकारक भिक्षु नहीं जानते—'हम मनमौजी बनकर मिथ्यापक्ष का ग्रहण करते हुए इस सङ्घ में कलहादि उत्पन्न करने में अपना बुद्धिव्यायाम कर रहे हैं'"। इत्यादि॥ (विस्तार के लिये इस गाथा की **धम्मपदट्ठकथा** देखें।)

गाथा ७ : कुसीतं हीनवीरियं—बुद्धघोष 'कुसीतं' का अर्थ करते हैं—"कामच्छन्द, व्यापाद, विहिंसा एवं वितर्क आदि के कारण आलसी को।" अन्यत्र संस्कृत बौद्ध साहित्य में भी 'कुसीत' शब्द 'आलसी' के अर्थ में ही प्रयुक्त हुआ है। इसके विपरीत, संस्कृत साहित्य में 'कुसित' 'कुसीद' 'कुसिद'—ये शब्द मूलधन की वृद्धि (व्याज) अर्थ में प्रयुक्त होते हैं; जैसे—"कुसीदवृद्धिर्द्वैगुण्यं नात्येति सकृदाहृता" (मनु० ८/१५१)॥

पालि साहित्य में 'वीर्य' शब्द का दो प्रकार से प्रयोग हुआ है—१. 'वीरियं' या २. 'विरियं'। दोनों ही प्रयोग यहाँ (इस साहित्य में) बहुलता से मिलते हैं॥

तं वे पसहति मारो—बुद्धघोष कहते हैं—"तथा अब्भन्तरे उप्पज्जमानो पि दुब्बलकिलेसमारो नप्पसहति, खोभेतुं वा चालेतुं वा न सक्कोतीति अत्थो"। बौद्ध साहित्य में 'मार' शब्द भिक्षुओं को नानाविध सांसारिक प्रलोभन देकर श्रमणभाव से च्युत करने का प्रयास करने वाले किसी अधम देवता के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। संस्कृत साहित्य के पुराणादि धर्मग्रन्थों में भी त्यागी तपस्वी सन्तों को प्रलोभन देने वाली अप्सराओं की चर्चा तो सुनी जाती

है; परन्तु वहाँ किसी 'मार' की कल्पना नहीं है। यहूदियों के धर्मशास्त्र में अवश्य इसी 'मार' की तरह 'शैतान' की चर्चा है। इसीलिये हम लोग भी कभी कभी 'मार' के अर्थ में ही 'शैतान' शब्द का प्रयोग कर देते हैं॥

गाथा १० : सीलेसु सुसमाहितो—परिशुद्धिचतुष्टययुक्त शील (सदाचार) में भली भाँति स्थित। इस परिशुद्धिचतुष्टययुक्त शील का आचार्य बुद्धघोष ने स्वरचित **विसुद्धिमग्ग** ग्रन्थ में—१. पातिमोक्खसंवर, २. इन्द्रियसंवर, ३. आजीवपारिसुद्धिसंवर एवं ४. पच्चय-सन्निस्सित नाम से **प्रथम परिच्छेद** में विस्तृत व्याख्यान किया है। जिज्ञासुओं को यह प्रसङ्ग वहाँ से अवश्य पढ़ लेना चाहिये॥

गाथा ११ : असारे सारमतिनो सारे चासारदस्सिनो—१. चीवर, २. पिण्डपात, ३. शयनासन एवं ४. रोग—इन चार प्रत्ययों के विषय में, तथा आत्मा को नित्य, सुखमय एवं अविनाशी मानना—आदि दशविध वस्तुओं में मिथ्यादृष्टि रखते हुए देशना करना ही 'असार' है। इस 'असार' को 'सार' समझना। इसी प्रकार उक्त चार प्रत्यय एवं उक्त दशविध वस्तुओं में सम्यग्दृष्टि रखते हुए देशना करना 'सार' कहलाता है। इस 'सार' को 'असार' समझने वाले कभी सार (वस्तुसत्य) को अधिगत नहीं कर सकते। आचार्य बुद्धघोष ने इन सारों का परिगणन इस तरह किया है—१. शीलसार, २. समाधिसार, ३. प्रज्ञासार, ४. विमुक्तिसार, ५. विमुक्तिज्ञानदर्शनसार, ६. परमार्थसार (निर्वाणसार)। उक्त मिथ्यादृष्टि साधक इन छह प्रकार के सारों का अधिग्रहण नहीं कर सकते॥

गाथा १३ : एवं अभावितं चित्तं—शमथ एवं विपश्यना रूप समाधि के अभ्यास से रहित चित्त को 'अभावित' कहते हैं॥

गाथा १४ : एवं सुभावितं चित्तं—शमथ एवं विपश्यना रूप समाधिद्वय के अभ्यास से युक्त चित्त को 'सुभावित' कहते हैं॥

गाथा १५ : बहुं पि चे संहितं भासमानो—जैसे संस्कृत साहित्य में श्रुति, स्मृति, पुराण आदि ग्रन्थों को 'संहिता' माना गया है, उसी तरह, आचार्य बुद्धघोष के अनुसार, बौद्धों में बुद्धप्रोक्त त्रिपिटक ग्रन्थसमूह में 'संहिता' शब्द रूढ है॥

गाथा २१ : अप्पमादो अमतपदं—व्याख्याकारों ने यहाँ 'अप्पमाद' शब्द के अनेक अर्थ किये हैं। किसी ने इसका अर्थ 'धर्म' माना है, किसी ने 'श्रम', तो किसी ने 'सावधानता' तथा किसी ने 'आलस्य न करना' आदि अर्थ माने हैं। हमारी दृष्टि में 'असावधनता' (आचरण में भूल न करना) ही इस प्रसङ्ग में उचित अर्थ है। वैदिक साहित्य में भी आता है—'सत्यान्न प्रमदितव्यम्' 'धर्मान्न प्रमदितव्यम्'। इसका—'सत्य के आचरण में भूल न करनी चाहिये', 'धर्म के आचरण में भूल न करनी चाहिये'—यही सर्वसम्मत अर्थ है। यहाँ भी यही समझना चाहिये। इसी विचार से यहाँ आचार्य भी कहते हैं—''' **अप्रमाद**' यह शब्द विशाल अर्थ को बोधित करता है। अर्थात् यह विस्तृत अर्थ को अपने में अन्तर्भुक्त किये हुए है। समग्र त्रिपिटक

(बुद्धवचन) 'अप्रमाद' पद में समाया है। इसीलिये **अङ्गुत्तरनिकाय** (५/२१) में कहा है—'जैसे जङ्गम प्राणियों के सभी पैर हाथी के पैर में समाये रहते हैं, अतः उनमें हाथी का पैर ही सर्वश्रेष्ठ है; उसी तरह, भिक्षुओ! सभी कुशल धर्मों में 'अप्रमाद' ही श्रेष्ठ धर्म है'। अतः 'अप्रमाद' का अर्थ है—स्मृति का अविप्रवास, अर्थात् स्मृति का निरन्तर उपस्थित रहना।''

अमतपदं—'अमृत' कहते हैं—निर्वाण को। वह (निर्वाण) अज्ञात होने से न जन्मता है, न मरता है, अतः वह 'अमृत' कहलाता है। जिससे प्राप्त किया जाय वह 'पद' कहलाता है; अतः इसका स्पष्ट अर्थ हुआ—अमृत (निर्वाण) की प्राप्ति का उपाय (मार्ग)॥

गाथा २२ : अरियानं गोचरे रता—बुद्धिमान् पुरुष अप्रमत्त आचरण में ही प्रसन्न रहते हुए अप्रमत्त साधना को वृद्धिङ्गत करते हुए **आर्यों** (बुद्ध, प्रत्येकबुद्ध एवं श्रावकों) की साधनाभूमि (गोचर) में—अर्थात् चार (४) स्मृतिप्रस्थानों में, सैंतीस (३७) बोधिपक्षीय धर्मों में एवं नौ (९) लोकोत्तर धर्मों की साधना में मग्न रहते हैं। निरन्तर उस साधना में लगे रहते हैं॥

गाथा २३ : ते झायिनो साततिका—झायिनो अर्थात् वे अप्रमत्त बुद्धिमान् पुरुष आठ (शमथ) समापत्तियुक्त आलम्बन के उपनिध्यान (मनन) से, विपश्यनामार्ग—फलयुक्त लक्षण के उपनिध्यान से—इस प्रकार इन दो ध्यानों के सहारे से साधना करने वाले। **साततिका**—(घर से) अभिनिष्क्रमणकाल से आरम्भ कर अर्हत्त्वमार्गप्राप्ति तक तदर्थ निरन्तर कायिक एवं चैतसिक उद्योग करने वाले।

फुसन्ति धीरा निब्बानं—१. ज्ञानस्पर्शना एवं २. विपाकस्पर्शना—ये दो स्पर्शनाएँ कहलाती हैं। इनमें चार मार्गों को ज्ञानस्पर्शना एवं चार फलों को विपाकस्पर्शना कहते हैं। यहाँ विपाकस्पर्शना अभिप्रेत है। आर्यफल से निर्वाण का साक्षात्कार करते हुए धृतिमान् पुरुष उस विपाकस्पर्शना का अधिगम करते हैं, निर्वाण (अर्हत्त्व) का साक्षात्कार करते हैं।

योगक्खेमं अनुत्तरं—१. काम, २. भव, ३. दृष्टि एवं ४. अविद्या—ये चार योग साधक को संसारावर्त में फँसा कर दुःखी करते हैं। उन चारों से निर्भय होकर लौकिक एवं लोकोत्तर धर्मों में श्रेष्ठता प्राप्त करना ही अनुत्तर (अद्वितीय) है॥

गाथा २४ : सञ्ञतस्स धम्मजीविनो—यदि साधक गृहस्थ है तो व्यापार कर्म में तुलाकूट आदि धोखा देने वाले कर्म छोड़कर कृषि एवं गोपालन आदि विधिसम्मत कर्म करने वाले का; यदि प्रव्रजित है तो वैद्यकर्म या दूतकर्म आदि हीन कर्म छोड़कर धर्मपूर्वक भिक्षाचर्या करते हुए जीवनयापन करने वाले का। **अप्पमत्तस्स**—अलुप्त स्मृति वाले का॥

गाथा २५ : दीपं कयिराथ मेधावी—१. वीर्यरूप उत्थान, २. स्मृति-अविप्रवास (स्मृतिसातत्य) रूप अप्रमाद, ३. परिशुद्धिचतुष्टययुक्त शीलरूप संयम एवं ४. इन्द्रियनिग्रह—इन कारणभूत चार धर्मों से धर्मोजःस्वरूप प्रज्ञा से युक्त होकर बुद्धिमान् साधक इस कठिनता से प्रतिष्ठापनायोग्य अतिगम्भीर संसार सागर में स्वकीय प्रतिष्ठारूप अर्हत्त्वफल को द्वीप (शरण

स्थल) बना ले या बनाने का प्रयत्न करे। जिसको काम, भव, दृष्टि, अविद्या—यह चतुर्विध दु:खौघ भी नष्ट करने में समर्थ नहीं हो सकता। कहने का तात्पर्य यह है कि बड़े से बड़ा दु:ख का झञ्झावात भी अर्हत्त्व को नष्ट नहीं कर सकता॥

गाथा २९ : हित्वा याति सुमेधसो—जैसे पैरों तथा गति से दुर्बल किसी अश्व को सिन्धुदेशोत्पन्न अच्छी जाति का अश्व दौड़ में पीछे छोड़ देता है, उसी प्रकार बुद्धिमान् (उत्तम प्रज्ञायुक्त) साधक मन्दमति साधक को साधना में आगम एवं अधिगम—दोनों ही प्रकार से पीछे छोड़ देता है। यहाँ **आगम से पीछे छोड़ने** का तात्पर्य है—जितने समय में मन्दबुद्धि साधक एक सूत्र का अधिग्रहण करता है, उतने ही काल में प्रज्ञासम्पन्न साधक एक वर्ग का अधिग्रहण कर लेता है। तथा **अधिगम से पीछे छोड़ने** का तात्पर्य है—मन्दप्रज्ञ साधक किसी साध्य के अधिगम के लिये पहले वह रात्रिस्थान एवं दिवास्थान का विभाजन करने का प्रयास, फिर कर्मस्थान का गुरु से अधिग्रहण, फिर उसका स्वाध्याय करता है तब उसकी साधना में प्रवृत्ति होती है; परन्तु मेधावी पुरुष पहले से ही अन्य किसी साधकद्वारा कृत रात्रिस्थान एवं दिवास्थान में प्रवेश कर कर्मस्थान को पूर्ण करता हुआ, अपने सभी क्लेशों को क्षीण कर नौ (९) लोकोत्तर धर्मों को प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार वह इस संसारावर्त में उस मन्दप्रज्ञ को पीछे छोड़कर स्वयं भवचक्र (संसारावर्त) से निकल ही जाता है॥

गाथा ३३ : दुरक्खं दुन्निवारयं—जैसे अपने तीक्ष्ण सींगों से भूमि को कभी यहाँ कभी वहाँ खोदता हुआ मदोन्मत्त वृषभ मनुष्यों द्वारा बहुत कठिनाई से रोका जा सकता है, वैसी ही स्थिति चित्त (मन) की भी समझनी चाहिये। **दुन्निवारयं**—प्रतिकूल आलम्बनों में जाता हुआ चित्त बहुत कठिनता से रोका जा सकने योग्य होता है॥

गाथा ३४ : ओकमोकत उब्भतो—'ओक' शब्द शास्त्रों में दो अर्थों में गृहीत होता है; पहला अर्थ है—उदक (जल)। जैसे—'ओकपुण्णेहि चीवरेहि' (जल से भीगे हुए वस्त्रों से)। दूसरा अर्थ है—आश्रय (आवास)। जैसे—'ओकं पहाय अनिकेतसारी' (किसी भी आश्रय के विना गृहविहीन रहता हुआ)। यहाँ इस 'ओक' शब्द के दोनों ही अर्थ लिये जा सकते हैं। मछली का आश्रय (आवास) जल प्रसिद्ध है ही। **उब्भतो**—उद्धृत (निकाला गया)॥

गाथा ३५ : चित्तस्स दमथो साधु—'दमथ' शब्द 'दमन' अर्थ में संस्कृत भाषा में भी प्रसिद्ध है। जैसे—'दान्तिस्तु दमथो दम:' (अ०को० ३/२/३)

गाथा ३६ : यत्थकामनिपातिनं—जाति, गोत्र आदि का विचार किये विना ही, प्राप्य अप्राप्य, युक्त अयुक्त स्थानों पर जहाँ कहीं भी गिर पड़ने वाला (आसक्त होने वाला)॥

चित्तं दन्तं सुखावहं—इस प्रकार यह निगृहीत चित्त साधक के लिये व्यवहार में मार्गसुख, फलसुख एवं निर्वाणसुख—यों त्रिविध सुखों का दाता सिद्ध होगा॥

गाथा ३९ : अनन्वाहतचेतसो—त्रिपिटक में 'आहतचित्तो, खिलचित्तो'—ऐसा

प्रयोग आता है, वहाँ 'आहत' का अर्थ होता है—द्वेष के कारण अत्यधिक हत (आबद्ध) चित्त। यहाँ उस शब्द के साथ नञ् समास होने के कारण उक्त से विरुद्ध अर्थ करना पड़ेगा, अर्थात् द्वेष से अनाहत (सर्वथा अनासक्त) चित्त॥

नत्थि जागरतो भयं—इस वाक्यांश से क्षीणाश्रव एवं सावहित साधक पुरुष का अभयभाव दिखाया गया है। ऐसा पुरुष साधना में पाँच श्रद्धादि सावहितिकारक धर्मों से युक्त **जाग्रत्** कहलाता है। इसलिये साधक पुरुष को सावधान या असावधान रहने पर क्लेशभय नहीं सताता; क्योंकि साधना की उत्पत्तिदशा में क्लेशों के पुनः लौटने की सम्भावना ही नहीं रहती। कारण, ऐसे पुरुष की उन उन मार्गों की प्रबल साधना के प्रभाव से उसके क्लेश, एक बार क्षीण हो जाने के बाद, पुनः उस का अनुगमन नहीं कर पाते॥

४४. गाथा : को धम्मपदं सुदेसितं—यहाँ **धम्मपदं** का अर्थ है धर्म का मार्ग। आचार्य बुद्धघोष इस वाक्यांश का व्याख्यान यों करते हैं—"यहाँ स्वभावानुसार कहे जाने से सम्यगुपदिष्ट ३७ बोधिपक्षीय धर्म नाम से प्रसिद्ध धर्मपदों को, जो कि 'बोधि' प्राप्त कराते हैं, कुशल मालाकार द्वारा चुने गये पुष्पों की तरह कौन चयन करेगा, जानेगा, समझेगा, परीक्षण करेगा, या इनका साक्षात्कार करेगा!"॥

४६. गाथा : छेत्वान मारस्स पपुप्फकानि—संस्कृत साहित्य में कामदेव को 'पुष्पबाण' कहा गया है। यहाँ 'पपुप्फकानि' शब्द से पालिसाहित्य में भी कुछ विद्वानों ने मार को 'पुष्पवाण' होने का अनुमान लगाया; परन्तु आचार्य बुद्धघोष ने इस (पपुप्फकानि) शब्द का अर्थ किया है—"मार के प्रपुष्पक संज्ञक त्रैभूमक वर्त (घेरे) को आर्यमार्ग की भावना से छिन्न भिन्न करते हुए क्षीणाश्रव भिक्षु मृत्युराज (यम) के लिये अदृश्य (अविषय) हो जाय और वह अमृतमय महानिर्वाण प्राप्त कर ले॥"

५०. गाथा : न परेसं विलोमानि—'विलोमानि' का साधारणतः अर्थ होता है—विपरीत आचरण या वचन; परन्तु यहाँ 'कताकतं' शब्द से विपरीत आचरण का बोध हो ही रहा है, अतः यहाँ 'विलोमानि' से केवल विपरीत वचन का ही ग्रहण करना चाहिये। अतएव आचार्य 'विलोमानि' का व्याख्यान 'विपरीत वचन' ही करते हैं। वे कहते हैं—"दूसरों के विरोधी एवं रूक्ष (परुष), मर्मच्छेदक वचनों पर ध्यान नहीं देना चाहिये"॥

७५. गाथा : विवेकमनु ब्रूहये—यद्यपि 'विवेक' शब्द संस्कृत या हिन्दी भाषा में 'बोध', 'विचार' 'हित अहित या सत् असत् के प्रभेदक ज्ञान' अर्थ में प्रयुक्त होता है; परन्तु पालिसाहित्य में यह शब्द पृथक्करण या अलग करना अर्थ में भी प्रयुक्त होता है। जैसे—कायविवेक अर्थात् शरीर का एकाकित्व (अकेलापन)।

७६. गाथा : अरियप्पवेदिते धम्मे—यद्यपि मनु आदि आर्ष संहिताकारों ने 'आर्य' शब्द का अर्थ 'आदर्श चरित्र, धार्मिक सदाचारी पुरुष' किया है; परन्तु पालिसाहित्य में आचार्य बुद्धघोष आदि ने भगवान् बुद्ध तथा उनके श्रावकों को ही 'आर्य' माना है। वे इस

वाक्यांश की व्याख्या में लिखते हैं—"**अरियप्पवेदिते** ति। बुद्धादीहि अरियेहि पवेदिते सतिपट्ठानादिभेदे बोधिपक्खियधम्मे" ति॥

८२. गाथा : एवं धम्मानि सुत्वान—जैसे संस्कृत व्याकरण में पूर्वकालिक क्रिया को 'क्त्वा' प्रत्यय होता है वैसे ही यहाँ पूर्वकाल में क्रिया को 'तून' 'त्वान' एवं 'त्वा'—इन प्रत्ययों में से कोई एक प्रत्यय होता है। यहाँ 'सुत्वान' में 'सु' धातु से 'त्वान' प्रत्यय हुआ है॥

८३. गाथा : सब्बत्थ वे सप्पुरिसा चजन्ति—यहाँ **फासबोल एवं मैक्समूलर चजन्ति** के स्थान पर **वजन्ति** पाठ मानते हैं। परन्तु आचार्य **बुद्धघोष** यहाँ **चजन्ति** पाठ मानते हुए इस वाक्यांश का यों अर्थ करते हैं—"पञ्चस्कन्धादि भेदों वाले सभी धर्मों को सज्जन अर्हत्त्वमार्गज्ञान से निष्कासित करते हुए छन्दराग का सर्वथा त्याग कर देते हैं।"

८६. गाथा : ते जना पारमेस्सन्ति मच्चुधेय्यं सुदुत्तरं—यहाँ आचार्य ने 'मच्चुधेय्यं' के बाद **तरित्वा** का अध्याहार कर इस वाक्यांश का यह अर्थ किया है—"ये जना धम्मानुवत्तिनो ते एतं सुदुत्तरं दुरतिक्कमं मारधेय्यं (मच्चुधेय्यं) तरित्वा=अतिक्कमित्वा निब्बानपारं गमिस्सन्तीति अत्थो॥

८८. गाथा : परियोदपेय्य अत्तानं—यहाँ आचार्य ने 'परियोदपेय्य' का अर्थ किया है—**परिसोधेय्य,** परिशुद्ध करे अर्थात् उससे अपने को मुक्त करे।

चित्तक्लेसेहि पण्डितो—यद्यपि अन्यत्र पालि में चित्तक्लेश दश माने गये हैं (द्र० धम्मसङ्गणि); परन्तु आचार्य बुद्धघोष ने यहाँ पाँच नीवरणों को ही महत्त्व दिया है। वे पाँच नीवरण क्रमशः ये हैं—१. अभिध्या, २. व्यापाद, ३. स्त्यानमृद्ध, ४. औद्धत्यकौकृत्य एवं ५. विचिकित्सा। इन्हें सरल भाषा में काम, क्रोध, मोह, मद एवं दम्भ कहा जा सकता है॥

८९. गाथा : येसं सम्बोधियङ्गेसु—पालि के अनुसार सम्बोध्यङ्ग सात होते हैं; जैसे—१. स्मृति, २. धर्मविचय (धर्ममीमांसा), ३. वीर्य (शक्ति, सामर्थ्य), ४. प्रीति (आनन्द), ५. प्रश्रब्धि (शान्ति), ६. समाधि एवं ७. उपेक्षा। (विशेष द्रष्टव्य—दी०नि०, द्वि०भा०, पृ० ३३६, बौ०भा० संस्करण)।

ते लोके परिनिब्बुता—इस वाक्यांश का आचार्य बुद्धघोष इस प्रकार स्पष्टीकरण करते हैं—"इस स्कन्धादिलोक में अर्हत्त्वप्राप्ति से क्लेशसमूह को दूर हटाने के कारण, १. सउपादिशेष (आसक्तिसहित) से, तथा चरम (अन्तिम), २. चित्तनिरोध से स्कन्धवृत्त को क्षिप्त करने के कारण अनुपादिशेष (आसक्तिरहित=निर्वाण धातु से—इस तरह इन द्विविध निर्वाणों से परिनिर्वृत। जैसे कि तैल वर्ति आदि उपादानरहित दीपक अप्रज्ञप्तिक भाव को प्राप्त हो जाता है॥

९०. गाथा : विप्पमुत्तस्स सब्बधि—सभी स्कन्धादि धर्मों के सम्बन्धों से विशेषेण (सर्वथा) मुक्त। सब्बधि(सब्बोपाधि)विमुत्तस्सेत्यत्थो।

परिळाहो न विज्जति—परिदाह (परिळाह) दो प्रकार का होता है—१. कायिक,

२. वाचिक। उनमें क्षीणाश्रव भिक्षु का शीत, उष्ण आदि के कारण उत्पन्न शीतादि परिदाह निवृत्त हो नहीं पाता, इसी भाव से जीवक ने प्रश्न किया था; परन्तु शास्ता ने, धर्मराज होने के कारण तथा देशनाकुशल होने के कारण, चैतसिक परिदाह को प्रधानता देकर उत्तर देते हुए कहा—''जीवक! परमार्थ रूप से ऐसा परिदाह क्षीणाश्रव को नहीं होता''॥

९१. गाथा : उय्युञ्जन्ति सतीमन्तो—इसका अर्थ है—स्मृति की विपुलता को प्राप्त क्षीणाश्रव भिक्षु स्वयं द्वारा ज्ञात विशेषताओं वाले ध्यान, विपश्यना आदि में आवर्जन, समापादन, व्युत्थान, अधिष्ठान एवं प्रत्यवेक्षण आदि के द्वारा उद्योग (प्रयास) करते हैं।

न निकेते रमन्ति ते—उन (क्षीणाश्रव) भिक्षुओं के चित्त में 'आलयरति' नाम की कोई वस्तु (धर्म) नहीं होती।

हंसा व पल्ललं हित्वा—यह भगवान् की देशना का शीर्षकमात्र है। इसका निष्कृष्टार्थ यह है—जैसे अवगाहनयोग्य किसी स्वच्छ सरोवर में हंस कुछ समय अपना आश्रय ग्रहण करते हुए भी वहाँ से जाते समय—'यह जल मेरा है', 'यह पद्म मेरा है', 'यह उत्पल मेरा है', 'यह कमल का फूल मेरा है'—इस तरह वहाँ अपनी कोई आसक्ति न बनाकर, वहाँ से कोई अपेक्षा न करते हुए, वह स्थान छोड़कर, वहाँ से उड़कर आकाश में विविध क्रीड़ा करते हुए चले जाते हैं; उसी प्रकार कोई क्षीणाश्रव भिक्षु कहीं भी साधना करते हुए वहाँ के निवासी परिवारों में अनासक्त रहते हुए, वहाँ से चलते हुए विना किसी अपेक्षा के निरासक्त भाव से चल देते हैं, तथा वहाँ ऐसा कोई ममत्व नहीं बाँधते कि यह मेरा विहार है, यह मेरा परिवेष है या ये मेरे उपासक हैं॥

९२. गाथा : गति तेसं दुरन्नया—यहाँ बुद्धघोष आदि सभी विद्वानों ने 'दुरन्वया' का अर्थ 'कठिनता से जानने योग्य' ही अर्थ किया है; परन्तु कुछ विद्वान् इसका 'अनुसरण करने योग्य' भी अर्थ करते हैं। तथा उसमें **महाभारत** का यह श्लोक उदाहरण के रूप में उपस्थित करते हैं; जैसे—

शकुनानामिवाकाशे, मत्स्यानामिव चोदके।
पदं यथा न दृश्यते, तथा ज्ञानविदां गतिः॥ (महाभा० शान्ति० १८१/२९)

९२. गाथा : ये परिञ्ञातभोजना—यहाँ आचार्य **बुद्धघोष** ने भोजन के विषय में तीन परिज्ञाएँ (स्थिर त्याग) कही हैं; १. **ज्ञातपरिज्ञा** (यागु आदि का त्याग), २. **तीरणपरिज्ञा** (कवलीकार आहार में प्रतिकूल संज्ञावशात् भोजन का त्याग) तथा ३. **प्रहाणपरिज्ञा** (कबलीकार आहार में छन्दराग का त्याग)। इनका विस्तार वहीं (अट्ठकथा में) देखना चाहिये।

सुञ्ञतो अनिमित्तो च—शास्त्र में तीन विमोक्ष कहे गये हैं—१. शून्यतः, २. अनिमित्ततः, एवं ३. अप्रणिहिततः। ये तीनों ही 'निर्वाण' के नाम (पर्याय) हैं। यहाँ अप्रणिहित विमोक्ष का भी ग्रहण है। विस्तार इस गाथा की बुद्धघोषकृत **अट्ठकथा** में देखें।

येसं सन्निचयो नत्थि—'सन्निचय' का अर्थ है—संग्रह। यह दो प्रकार का होता है—१. कर्मसन्निचय तथा २. प्रत्ययसन्निचय। वहाँ कुशल तथा अकुशल कर्मों के संग्रह को 'कर्मसन्निचय' कहते हैं, तथा चीवर आदि प्रत्ययों के संग्रह को 'प्रत्ययसन्निचय' कहते हैं। अन्यत्र 'आमिषसन्निचय' एवं 'धर्मसन्निचय' नाम से भी दो सन्निचय संगृहीत हैं (द्र०—अ०नि०, प्र०भा०, पृ० ८६, नालन्दा संस्करण)॥

९५. गाथा : पठवीसमो न विरुज्झति—यहाँ साधक भिक्षु के संसार के प्रति उपेक्षामय जीवन के तीन दृष्टान्त (उपमा) दिये हैं—१. पृथ्वी, २. इन्द्रकील एवं ३. स्वच्छ सरोवर। जैसे पृथ्वी पर कुछ लोग गन्ध, माला आदि डालते हैं, तथा दूसरे लोग उस पर कूड़ा, कर्कट या मैला फेंकते हैं; इसी तरह नगर द्वार पर गड़े हुए इन्द्रकील (स्तम्भ) पर कुछ लोग माला फूल चढ़ाते हैं तो कुछ लोग वहाँ कूड़ा, कर्कट या मैला फेंकते हैं; परन्तु पृथ्वी एवं इन्द्रकील का उन दोनों ही प्रकार के कर्मों के प्रति उपेक्षाभाव ही रहता है। इसी तरह भिक्षु भी सत्कार एवं असत्कार दोनों के प्रति ही उपेक्षाभाव (तटस्थता) रखता हुआ अपनी साधना में लगा रहता है; क्योंकि किसी स्वच्छ सरोवर की तरह उस भिक्षु का चित्त (विकाररहित) होने के कारण सदा स्वच्छ ही रहता है॥

तादिनो—यह संस्कृत भाषा के 'तादृश्' या 'तादृक्ष्' के अपभ्रष्ट रूप 'तादि' का षष्ठी एकवचन में प्रयोग है।

९७. गाथा : अस्सद्धो अकतञ्ञू च—यहाँ ये दोनों ही शब्द कुछ विशिष्ट अर्थ में प्रयुक्त हुए हैं। यहाँ '**अस्सद्ध**' का अर्थ है—स्वयं साक्षात्कृत धर्मों में दूसरों के कथनमात्र से, जबकि उसमें कोई तर्क (युक्ति) न उपस्थित किया गया हो, साधक श्रद्धा (विश्वास) नहीं करता। इसी तरह, '**अकतञ्ञू**' का अर्थ है—अकत अर्थात् अकृत्रिम, अविनाशी तत्त्व (निर्वाण) को जानने वाला। अर्थात् जिसने निर्वाण का साक्षात्कार कर लिया है॥

१०५. गाथा : नेव देवो न गन्धब्बो न मारो सह ब्रह्मुना—इस उद्धरण से स्पष्ट ज्ञात होता है कि बौद्धसाहित्य में भी संस्कृत साहित्य के समान इन्द्र, ब्रह्मा, वरुण आदि देवताओं तथा गन्धर्व आदि हीन देवताओं की सत्ता मानी गयी है तथा उन्हें मनुष्यों की अपेक्षा अधिक शक्तिसम्पन्न भी माना गया है; परन्तु वे सब भी भगवान् बुद्ध की अपेक्षा हीन (शक्तिविहीन) माने गये हैं। वीर्यबल एवं ज्ञानबल में भगवान् ही इनसे श्रेष्ठ हैं—ऐसी उनकी धारणा है॥

१०८. गाथा : यं किञ्चि यिट्ठं च हुतं च लोके—इस उद्धरण से स्पष्ट है कि बौद्धों का भी साधारण यज्ञ या हवन आदि को समर्थन प्राप्त है। अजितकेशकम्बल आदि अन्य नास्तिक आचार्य शास्ताओं के समान ये इनके एकान्ततः विरोधी नहीं थे। ये इन यज्ञ यागादि से प्राप्त होने वाली स्वर्गादिफलसाधनता से तो आश्वस्त हैं; परन्तु ये यज्ञ यागादि भवपरम्परा को क्षीण नहीं कर सकते, अतः ये निर्वाणप्राप्ति में कथमपि सहायक नहीं हैं। अथ च, इनके क्रियान्वयन में होने वाली हिंसा तो श्रमणसाधना के पूर्णतः विपरीत है, इसलिये, एतन्मात्र में

बौद्धों का यज्ञ हवनादि के प्रति विरोध ज्ञात होता है। परन्तु आचार्य बुद्धघोष ने यहाँ **यिट्ठं** का अर्थ किया है—माङ्गलिक क्रियाओं में बार बार प्रदत्त दान। **हुतं** का अर्थ किया है—अभिसंस्कार कर अतिथि को दान, तथा कर्म या फल पर श्रद्धा करते हुए प्रदत्त दान॥

११३. गाथा : अपस्सं उदयब्ययं—बौद्ध साधना में रूप, वेदना आदि पञ्चस्कन्धों का पचीस लक्षणों से उत्पाद एवं नाश का अनुसन्धान भी एक आवश्यक अङ्ग है॥

१२१. गाथा : न मं तं आगमिस्सति—यहाँ **बुद्धघोष** यों व्याख्यान करते हैं—"मैने यह अल्पमात्र (थोड़ा सा) ही पाप किया है, इसका क्या विपाक होगा, कुछ नहीं होगा"—इस तरह उसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिये; क्योंकि जैसे कोई रिक्त घट (ख़ाली घड़ा) एक एक बूँद गिरते गिरते भर जाता है उसी तरह यह पाप अल्पमात्र भी करते करते एक दिन विशाल राशि में एकत्र हो जाता है॥

१२३. गाथा : अप्पसत्थो महद्धनो—यहाँ 'अप्पसत्थ' शब्द के दो अर्थ हो सकते हैं। १. **अल्पसार्थ**, अर्थात् अल्प साथियों (सहायकों) वाला। 'सार्थ' अर्थात् वणिक्समूह तथा २. **अल्पशस्त्र** कम सुरक्षा वाला। प्रकरण में दोनों ही अर्थ लग सकते हैं॥

१२५. गाथा : सुद्धस्स पोसस्स अनङ्गणस्स—वस्तुतः इस प्रसङ्ग में 'अङ्गण' शब्द का अर्थ (सं० अञ्जन) 'विकार' या 'क्लेश' हो सकता है। इसीलिये आचार्य ने यहाँ लिखा है—"निरङ्गणस्स=निक्किलेसस्स"। **शङ्कराचार्य** भी (मुण्ड० उ०, ३/१/३ में) इस अर्थ से सहमत हैं। या फिर **अङ्गणसुत्त** (म०नि०, मू०प० ५ सुत्त) में वर्णित 'अनङ्गण' का अर्थ विकाररहित भी हो सकता है। ये दो ही अर्थ यहाँ उचित प्रतीत होते हैं।

पोसस्स—'पुरिसस्स' का अपभ्रंश, छन्द की दृष्टि से लिखा गया है।

पच्चेति—प्रत्येति (सं०)=पुनः लौट आता है॥

१३६. अग्गिदड्ढो व तप्पति—संस्कृत भाषा का 'दग्ध' शब्द प्राकृत में 'दद्ध', परन्तु पालि में 'दड्ढ' हो जाता है। (द्र०—कच्चायन सूत्र ४/३/६ एवं ४/५/६)॥

१३९ गाथा : राजतो वा उपसग्गं—यहाँ 'उपसर्ग' का अर्थ होता है—उपद्रव या दुर्घटना। यहाँ आचार्य ने इसी को यह लिखकर स्पष्ट किया है—यशोविलोप (कीर्तिनाश=निन्दा) या सेनापति आदि प्रतिष्ठित पदों से हटाना आदि दण्ड।

भोगानं वा पभङ्गुरं—यहाँ आचार्य लिखते हैं—"**पभङ्गुरं** ति। पभङ्गुरभावं=पूतिभावं (पुराना होना, सड़ जाना)। यं हिस्सं गेहे धञ्ञं होति तं पूतिभावं आपज्जति, सुवण्णं अङ्गारभावं, मुत्ता कप्पासट्ठिभावं, कहापणं कपालखण्डादिभावं, द्विपद-चतुप्पदा काण-कुणादिभावं ति अत्थो॥"

१४१. गाथा : रजोजल्लं उक्कुटिकप्पधानं—रजोजल्लं—कीचड़ या भस्म आदि लपेट कर शरीर को धूलिधूसरित रखना॥

उक्कुटिकप्पधानं—उकडू बैठ कर साधना करना॥

१४३. गाथा : यो निन्दं अपबोधेति—यहाँ दो तरह का पाठ मिलता है—१. अपबोधेति, एवं २. अप्पबोधेति। दोनों के अर्थ में कोई भिन्नता नहीं है। दोनों का ही अर्थ 'सहन न करना' हो सकता है। परन्तु कुछ विद्वान् 'अप्पबोधेति' पर शास्त्रदृष्टि से गम्भीर विचार करते हुए, उनमें से कुछ 'अप्पबोधेति' को नञ्समासयुक्त समझते हुए 'नहीं सहन करता' यह-अर्थ करते हैं। यहीं कुछ विद्वान् बोधेति के साथ अप्प (अल्प) शब्द का समास समझते हैं। यदि शास्त्र की दृष्टि ऐसा हो पाता हो तो पीछे इस ग्रन्थ की १२१ गाथा में भी 'माप्पमञ्ञेथ' पाठ रखने में कोई हानि नहीं दिखायी देती॥

१४८. गाथा : मरणन्तं हि जीवितं—यहाँ विद्वान् को शकार **चाइल्डर्स** ने 'मरणन्तं हि' पाठ माना है, परन्तु **फासबोल** ने 'मरणं तम्हि' माना है। आचार्य बुद्धघोष ने 'मरणन्तं' पाठ मान कर इसका 'मरणपरियोसानं' व्याख्यान किया है॥

१४९. गाथा : यानिमानि अपत्थानि—किसी किसी ने यहाँ 'अपथ्यानि' पाठान्तर दिया है; परन्तु आचार्य ने यहाँ 'छड्डितानि' व्याख्यान किया है जो 'अपत्थानि' पाठ मानने पर ही सङ्गत होगा। तथा **दिव्यावदान** में उपलब्ध इसकी संस्कृत-छाया भी इसी अर्थ में उचित बैठती है॥

१५३. गाथा : सन्धाविस्सं अनिब्बिसं—'सन्धाविस्सं' यह अज्जतनी विभत्ति (सं० लुङ् लकार) का रूप है, इसीलिये आचार्य ने इसकी व्याख्या की है—"**सन्धाविस्सं** ति संसरिं। अपरापरं अनुविचरिं ति अत्थो।" यहाँ इसको भविष्यत्काल का प्रयोग मानना पण्डित **मैक्समूलर** का अपाण्डित्य ही है, क्योंकि यह बुद्धवचन है, तथा बुद्ध का अब आगे जन्म होना असम्भव है॥

१५७. गाथा : तिण्णं अञ्ञतरं यामं—यहाँ आचार्य बुद्धघोष कहते हैं—**याम** शब्द से अपनी धर्मस्वामिता एवं देशनाकौशल दिखाते हुए भगवान् (प्राणी की) आयु को तीन यामों (भागों) में बाँट रहे हैं। अतः इस गाथा का यह अर्थ करना चाहिये—'यदि प्राणी को अपने से स्नेह है तो उसकी पूर्णतः रक्षा करनी चाहिये।' विस्तार के लिये इस गाथा की अट्ठकथा (पृ० ११७२) भी देखें॥

१६१. गाथा : वजिरं वस्ममयं मणिं—इस वाक्यांश को सन्धिविच्छेद कर यों पढ़ना चाहिये—वजिरं व अस्ममयं मणिं। कहने का तात्पर्य यह है कि जैसे पाषाण से उत्पन्न वज्र उसी पाषाण से उत्पन्न अश्वमणि को, अपनी उत्थान एवं पतन क्रियाओं से, खा कर, उसमें छिद्र कर, उसको खण्ड खण्ड कर किसी कार्य के उपयुक्त नहीं छोड़ता; वैसे ही स्वयं कृत, स्वयं में उत्पन्न तथा स्वयं से परिपुष्ट पाप (दुष्कर्म) प्रज्ञाविहीन पुद्गल को चारों नरकयोनियों में गिरा गिरा कर मथता रहता है।

यहाँ 'वज्र' का अर्थ है—हीरामणि। (द्र०—अमरकोष—३-१८४ "वज्रोऽस्त्री हीरके

पवौ")। हीरा बहुत अधिक कठोर होता है, अतः वह दूसरी मणियों में छिद्र करने में सर्वथा समर्थ होता है॥

१६४. गाथा : यो सासनं अरहतं—पालि साहित्य में बौद्ध साधकों (भिक्षुओं) को चार श्रेणियों में विभक्त किया गया है। वे श्रेणियाँ क्रमशः ये हैं—१. स्रोतआपन्न, २. सकृदागामी, ३. अनागामी एवं ४. अर्हत्। उनका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है—

१. स्रोतआपन्न साधक तथा **स्रोत आपत्तिफल**—कोई साधक स्रोतआपन्न इसलिये कहलाता है कि उसने अष्टाङ्गिक मार्ग रूप बुद्धोपदिष्ट धर्म को साधनाहेतु स्वीकार किया है। इन स्रोतआपन्न साधकों के ये **चार अवश्य पालनीय व्रत** हैं—भगवान् बुद्ध, तदुपदिष्ट धर्म तथा उनके अनुयायी भिक्षुसङ्घ में श्रद्धा एवं शील (सदाचार) के पालन में विश्वास रखना। **स्रोतआपत्ति के ये चार अङ्ग** हैं—१. सत्पुरुष की सेवा, २. सद्धर्म का श्रवण, ३. योनिशः मनस्कार (कारणपूर्वक तत्त्वों का चिन्तन-मनन) धर्मानुधर्मप्रतिपत्ति (लोकोत्तर धर्म की अनुधर्मभूत पूर्वभाग की प्रतिपत्ति (आचरण)। इस **स्रोतआपत्ति** अवस्था **का** महत्त्वपूर्ण **फल** यह है कि उस का (स्रोतआपन्न साधक) १. सत्कायदृष्टि (आत्मदृष्टि), २. विचिकित्सा (धर्म के प्रति सन्देह) एवं ३. शीलव्रतपरामर्श (अन्य सम्प्रदायों के कथित शीलव्रतों के पालन में मुग्ध रहना)—इन तीन संयोजनों (बन्धनों) का क्षय हो जाता है। (विशेष द्र०—दी०नि०, तृ०भा०, पृ० ७७९ बौ० भा० सं०।

ऐसा स्रोतआपत्तिप्राप्त साधक अधिक से अधिक सात बार ही इस संसार में मनुष्यजन्म लेता है। इसी बीच, धर्मसाधना करते करते उसे निर्वाण का साक्षात्कार हो जाता है।

२. सकृदागामी साधक तथा **इस अवस्था का फल**—यह (सकृदागामी अवस्था) बौद्ध साधकों की द्वितीय कोटि है। इसका वर्णन शास्त्र में यों मिलता है—इस (सकृदागामी) साधक के भी उपर्युक्त (सत्कायदृष्टि आदि) संयोजनों के क्षीण हो जाने से तथा राग, द्वेष, मोह के तनु (दुर्बल) हो जाने के कारण यह साधक सकृदागामी भाव को प्राप्त हो जाता है। अतः वह एक ही बार इस लोक में पुनः जन्म ग्रहण करता है, और उतने समय में साधना करता हुआ अपने दुःखों का अन्त कर निर्वाण का साक्षात्कार कर लेता है। (द्र०—दी०नि०, प्र०भा०, पृ० १६७, बौ०भा०सं०)।

३. अनागामी साधक तथा **उस अवस्था का फल**—यह बौद्ध साधकों की तीसरी अवस्था है। इस अवस्था को प्राप्त साधक केवल एक ही बार जन्म लेता है, वह भी इस भूलोक में नहीं, अपि तु देवलोक में (औपपातिक)। अतः इसे 'अनागामी' कहा जाता है। इस अवस्था में, यह साधना करते हुए, अपने पाँच अवरभागीय संयोजनों (१. सत्कायदृष्टि, २. विचिकित्सा, ३. शीलव्रतपरामर्श, ४. कामच्छन्द एवं ५. व्यापाद—इन बन्धनों) का सर्वथा क्षय कर डालता है। अतः वह देवलोक से पुनः इस लोक में नहीं आता। वहीं उसको निर्वाण का साक्षात्कार हो जाता है।

शास्त्र में इस अनागामी साधक के पाँच भेद बताये गये हैं; जैसे—१. अन्तरापरिनिब्बायी, २. उपहच्चपरिनिब्बायी, ३. असङ्खारपरिनिर्वायी, ४. ससङ्खारपरिनिब्बायी, एवं ५. उद्धंसोत अकनिट्ठगामी। (इनका विस्तृत वर्णन हमने **संयुक्तनिकायपालि** (हिन्दी अनुवादसहित) के **४८. इन्द्रियसंयुत्त के पठमवित्थारसुत्त** में किया है वहाँ (बौ०भा०सं०, पृ० १८७९) अवश्य देखें।

४. अर्हत् साधक तथा **उस अवस्था का फल**—बौद्ध साधकों की चतुर्थ कोटि है अर्हत् अवस्था। इस अर्हत् अवस्था का वर्णन पालिसाहित्य में अनेकत्र यथाप्रसङ्ग मिलता है। इस (धम्मपद) ग्रन्थ में भी अर्हत् की विशेष स्थिति (**अरहन्तवग्ग सप्तम में**) वर्णित है। उसका भी मनन कर लेना चाहिये। ऐसे ही त्रिपिटक में भी अर्हत् का यथास्थान वर्णन मिलता है। संक्षेप में—इस स्थिति में पहुँचा हुआ साधक भिक्षु आश्रवों (चित्तविकारों) के क्षीण हो जाने से, आश्रवरहित चित्त की विमुक्ति के ज्ञान द्वारा इसी जन्म में निर्वाण को स्वयं जानकर, उसका साक्षात्कार कर साधना में रत रहता है। अन्त में वह अपने विषय में यह घोषणा कर देता है कि—

''मेरी जन्मपरम्परा क्षीण हो चुकी है, मेरी धर्मसाधना पूर्ण हो चुकी है, मैं कृतकृत्य हो चुका हूँ, मैने सदर्थ (निर्वाण) की प्राप्ति कर ली है, मेरा अब यहाँ कोई कर्तव्य शेष नहीं है।'' (द्र०—दी०नि०, प्र०भा०, पृ० १६७, बौ० भा० सं०)।

१६४. गाथा : दिट्ठिं निस्साय पापिकं—यहाँ पापिका (पापमय) दृष्टि से मिथ्यादृष्टि में तात्पर्य है। मिथ्यादृष्टि अर्थात् अन्य सम्प्रदायों के मतों (धारणाओं) पर श्रद्धा रखते हुए उन पर आचरण करना। यह मिथ्यादृष्टि इस शास्त्र में बौद्ध साधक को दुर्गति की ओर ले जाने वाली कही गयी है। जैसे—

मिच्छादिट्ठि समादाना, सत्ता गच्छन्ति दुग्गतिं॥ (ध०प०, नि० व० १३ गा०)

१६८. गाथा : उत्तिट्ठे नप्पमज्जेय्य—यहाँ अनेक टीकाकारों ने **उत्तिट्ठे** का अर्थ स्व स्व मनोनुकूल कर लिया है, अत: अनर्थ की सम्भावना देखते हुए, हम इस गाथा अंश का आचार्यकृत व्याख्यान अक्षरश: उद्धृत कर रहे हैं—''यहाँ (गाथा में) **उत्तिट्ठे** का अर्थ है— खड़े होकर। अर्थात् दूसरों (गृहस्थों) के गृहद्वार पर भिक्षाहेतु खड़े होकर प्राप्त भिक्षा में किसी प्रकार का प्रमाद नहीं करना चाहिये। भिक्षाचर्या के नियमों को त्याग कर वहाँ प्रणीत भोजन माँगना भी 'पदक्रम' की भिक्षा में 'प्रमाद' कहलाता है। सपदान (क्रमश:=प्रत्येक घर में) भिक्षाचर्या में यह 'प्रमाद' नहीं कहलाता। ऐसा (उपर्युक्त प्रकार से भिक्षा) करने के लिये खड़ा हुआ भिक्षु कोई प्रमाद न करे। **धम्मं सुचरितं चरे**—प्रणीत भोजन की कामना छोड़ कर सपदान भिक्षाचारिका करता हुआ भिक्षाचर्या के नियमों का यथाविधि पालन करे। **धम्मचारी सुखं सेति**—यह देशनामात्र है। अभिप्राय इतना ही है कि इस भिक्षाचर्या धर्म का पालन

करता हुआ भिक्षु अपने ईर्यापथों को व्यवस्थित रखता हुआ ही सुविधापूर्वक साधना कर सकता है"॥

१७०. **मच्चुराजा न पस्सति**—यहाँ 'मृत्युराज' शब्द से 'मृत्यु', 'यम' एवं मार—तीनों का ही ग्रहण किया जा सकता है; जैसा कि **सुत्तनिपात** (५/१६/४) के व्याख्यानभूत **चुल्लनिद्देस** (पृ० १९७) में कहा गया है—"मच्चु पि मच्चुराजा, मारो पि मच्चुराजा, मरणं पि मच्चुराजा" ति॥

१७६. **गाथा : एकं धम्मं अतीतस्स**—यहाँ **एकं धम्मं** का अर्थ पाश्चात्त्य विद्वानों (फोसबोल एवं मैक्समूलर) ने 'एक धर्मविधि' अर्थ किया है, तथा डॉ० राधाकृष्णन् ने 'बुद्धोपदिष्ट धर्म' बताया है; परन्तु आचार्य बुद्धघोष ने "एकं धम्मं ति सच्चं"—यह अर्थ किया है। हम भी इसी से सहमत हैं। इसी अर्थ से उपनिषदादि आर्ष साहित्य से भी भगवान् के वचन की अनुकूलता संगत होती है॥

१७९. **गाथा : तं बुद्धमनन्तगोचरं**—यहाँ 'बुद्ध' शब्द का मुख्य अर्थ 'जागरित' (जागा हुआ) अर्थात् तत्त्वज्ञान में प्रबुद्ध। इस (बुद्ध) का 'ज्ञानी' अर्थ तो लक्षणा से प्राप्त होता है॥

१८०. **गाथा : तण्हा नत्थि कुहिञ्चि नेतवे**—यहाँ छन्दोभङ्गभय से संस्कृतानुवाद में 'कुहिञ्चि' का 'क्वचित्' ही रखा है, 'कस्मिंश्चित्' नहीं॥

१८१. **गाथा : नेक्खम्मूपसमे रता**—यहाँ 'नेक्खम्म' का अर्थ कुछ विद्वानों ने 'नैष्कर्म्य' लिखा है, परन्तु अन्य पाश्चात्त्य विद्वान् इससे सहमत नहीं हैं; उनका कहना है कि बौद्धसम्मत संन्यासविधि में कर्महीनता का कोई स्थान नहीं है। अत: वे इस (नेक्खम्म) का 'नैष्क्रम्य' अर्थ करते हुए इसका 'संसार छोड़कर प्रव्रज्या ग्रहण'—ऐसा व्याख्यान करते हैं। इस व्याख्यान पर स्वीकृति देते हुए आचार्य कहते हैं—"एत्थ पब्बज्जा 'नेक्खम्मं' ति न गहेतब्बा। किलेसवूपसमन-निब्बानरतिं पन सन्धायेतं वुत्तं। यह 'नैष्क्रम्य' शब्द (निस् उपसर्गपूर्वक क्रमु पादविक्षेपे भ्वा० धातु से) भाव में ष्यञ् प्रत्यय होकर बना है। उसी का पालि रूप है—नेक्खम्म॥

१८२. **गाथा : किच्छो बुद्धानमुप्पादो**—'बुद्ध'—यह भगवान् का नाम (संज्ञा) नहीं है, अपि तु उनके तत्त्वदर्शी एवं सर्वज्ञ आदि होने के कारण उनका विशेषण (विशेषताबोधक) या उपाधि है। इसीलिये 'बुद्ध' शब्द में बहुवचन लगाया गया है; क्योंकि पालि तिपिटक के अनुसार अनेक बुद्ध हो चुके हैं, तथा आगे भी होंगे। **दीघनिकाय** (पृ० २६२) तथा **संयुत्तनिकाय** में (पृ०३९५-४००) विपस्सी आदि सात पूर्व बुद्धों का विस्तृत वर्णन मिलता है। **बुद्धवंस** में दीपङ्कर आदि पचीस बुद्धों की गणना दिखायी है॥

(ख) **बुद्धों के भेद**—दो प्रकार के बुद्ध शास्त्र में वर्णित हैं; जैसे—१. प्रत्येकबुद्ध, तथा २. सम्यक्सम्बुद्ध। यहाँ प्रत्येकबुद्ध भी बोधि प्राप्त कर लेते हैं, परन्तु इसको समाज में

धर्मरूप से प्रचार करने हेतु कोई प्रयास नहीं करते। इसके विपरीत, सम्यक्सम्बुद्ध बोधिप्राप्त्यनन्तर, जीवों के कल्याणहेतु सद्धर्मप्रचार में भी प्रयासरत रहते हैं। इसीलिये इन्हें 'शास्ता' एवं 'भगवान्' भी कहा जाता है।

परन्तु खेद की बात है कि क्रूर 'जातिवाद' ने बौद्धों का भी पीछा नहीं छोड़ा, उनकी भी मान्यता है कि सम्यक्सम्बुद्ध क्षत्रिय या ब्राह्मण जाति में ही अवतरित होते हैं। इसके लिये उनको ९१ कल्प पूर्व अवतरित विपस्सी बुद्ध के लिये 'क्षत्रिय' की कल्पना करनी पड़ी। उस समय (इतने दीर्घकाल पूर्व) मनुष्यों में यह जातिवाद किस रूप में था—यह भगवान् जानें या विद्वान् लोग॥

१८४. गाथा : खन्ती परमं तपो तितिक्खा—यह 'खन्ति' शब्द संस्कृत के 'क्षान्ति' का अपभ्रष्ट रूप है। पालि में यह शब्द 'खन्ति' (ह्रस्व इकारान्त) तथा 'खन्ती' (दीर्घ इकारान्त) दोनों प्रकार से मिलता है। 'खन्ति' का अर्थ है—क्षमा (सहनशीलता) और 'तितिक्खा' (तितिक्षा) का अर्थ भी सहनशीलता है। यहाँ प्रश्न उठ सकता है—एक ही अर्थ के द्योतनहेतु दो शब्द क्यों प्रयुक्त हुए? आचार्य बुद्धघोष इस प्रश्न को ध्यान में रखकर इस वाक्यांश का यों अर्थ करते हैं—"यह जो लोक व्यवहार में 'तितिक्षा' (सहनशीलता) कहलाती है उसे ही 'क्षान्ति' भी कहते हैं, यह (क्षान्ति) इस बुद्ध-धर्म में 'उत्तम तप' कहलाता है।"

(ख) निब्बानं परमं वदन्ति बुद्धा—बुद्ध, प्रत्येकबुद्ध एवं अनुबुद्ध—ये तीनों ही प्रकार के बुद्ध निर्वाण को साधक के लिये उत्तम तप कहते हैं।

'निर्वाण' शब्द को समझाने के लिये **अमरकोषकार** ने इस शब्द का अर्थ समझाने के लिये उस समय में प्रयुक्त इस शब्द के समानार्थक सभी शब्दों को एकत्र कर दिया है, जैसे—

"मुक्तिः कैवल्य निर्वाण श्रेयो निःश्रेयसामृतम्।
मोक्षोऽपवर्गः। (अ० को० १/५/६-७)

'निर्वाण' का अर्थ समझने समझाने के लिये इससे सरल एवं सुगम विधि अन्य नहीं हो सकती॥

१८५. गाथा : पातिमोक्खे च संवरो—'पातिमोक्ख' (सं० प्रातिमोक्ष) के विषय पर विद्वानों ने बहुत कुछ लिखा है। उस विस्तार को समझते हुए यहाँ संक्षेप में इसका अर्थ यों समझिये—भगवान् बुद्ध द्वारा प्रोक्त भिक्षुओं के लिये अवश्य पालनीय नियम या उनका संग्रह। यह **विनयपिटक** में **विभङ्ग** नाम से भिक्खुपातिमोक्ख एवं भिक्खुनीपातिमोक्ख के रूप में संगृहीत है॥

एतं बुद्धान सासनं—यहाँ दो पाठ मिलते हैं—१. **बुद्धान सासनं** तथा २. **बुद्धानुसासनं**। 'बुद्धान सासनं' में 'बुद्धानं के अनुस्वार का लोप हो गया है। अर्थ दोनों का एक ही है—बुद्धों का आदेश॥

१८६. गाथा : न कहापणवस्सेन—कहापण (सं० कार्षापण) भगवान् बुद्ध के समय सोने या चाँदी के सिक्के (मुद्रा) के लिये यह शब्द प्रयुक्त होता था। मनु के समय में सम्भवतः यह ताँबे का ही प्रचलित था, वे लिखते हैं—"कार्षापणस्तु विज्ञेयः, ताम्रिको वार्षिकः पणः" (म० ८/१३६)। 'कार्षापण' का व्यवहार बहुत प्राचीन काल से चला आ रहा है। कहापणवस्सेन—कार्षापणों की वृष्टि से। **धम्मपदट्ठकथा** से ज्ञात होता है कि इस गाथा का चक्रवर्ती राजा मान्धाता की तरफ सङ्केत है॥

१८७. गाथा : सम्मासम्बुद्धसावको—"भगवान् बुद्ध द्वारा उपदिष्ट विधि से साधना करने वाला कोई क्षीणाश्रव बौद्ध भिक्षु"—यह आचार्य बुद्धघोषसम्मत अर्थ है। मैक्समूलर ने 'सम्मासम्बुद्ध' को 'सावक' का विशेषण मान लिया है। यह कैसे हो सकता है? क्योंकि पालिसाहित्य में 'सम्मासम्बुद्ध' केवल भगवान् बुद्ध का ही विशेषण हो सकता है, या होता है। वह किसी साधारण भिक्षु के लिये कैसे प्रयुक्त किया जा सकता है!॥

१८८. गाथा : पब्बतानि वनानि च—यहाँ 'पर्वत' शब्द से पालिसाहित्य में वर्णित उस समय के प्रसिद्ध ऋषिगिल, वैपुल्य, पब्भार आदि पर्वतों की गणना है। इसी तरह 'वन' शब्द से महावन, गोसिङ्ग एवं शालवन आदि की ओर सङ्केत है।

यहाँ 'पर्वत' शब्द नपुंसकलिङ्ग में व्यवहृत है। साधारणतः इसका प्रयोग पुल्लिङ्ग में ही होता है, जैसे—"यथापि सेला विपुला नभं आहच्च पब्बता" (सं०नि०, पृ०)॥

१९४. गाथा : सुखा सङ्घस्स सामग्गी—यहाँ आचार्य ने 'सामग्गी' का अर्थ किया है—समचित्तता (एकचित्तता)। अर्थात् किसी भी विषय पर सबका सहमत होना। अपने इस अर्थ की परिपुष्टिहेतु वे दीर्घनिकाय के महापरिनिर्वाणसूत्र (पृ० ३३३) का उद्धरण देते हैं—"यावकीवं चे, भिक्खवे, भिक्खू समग्गा सन्निपतिस्सन्ति, समग्गा वुट्ठहिस्सन्ति, समग्गा सङ्घकरणीयानि करिस्सन्ति, वुद्धियेव, भिक्खवे, भिक्खूनं पाटिकङ्खा, न नो परिहानी" ति॥

समग्गानं तपो सुखं—यहाँ आचार्य के अनुसार—'तप' शब्द से बुद्धवचनों का उद्ग्रहण (सीखना), धुताङ्गों का आराधन, एवं श्रमणधर्मों का पालन (धर्माभ्यास)—सभी कुछ संगृहीत कर लेना चाहिये॥

१९८. गाथा : आतुरेसु मनुस्सेसु—यहाँ आचार्य बुद्धघोष 'आतुरेषु' का अर्थ मानते हैं—राग, द्वेष, लोभ, मोह आदि क्लेशों से पीड़ित मनुष्यों में—यह मानते हैं।

२००. गाथा : पीतिभक्खा भविस्साम, देवा आभस्सरा यथा—अट्ठकथा में इसका व्याख्यान है—"जैसे आभास्वर (स्वर्गविशेष) लोकवासी देवता प्रीतिभक्ष होकर प्रीतिसुख का ही अनुभव करते हुए अपना जीवन व्यतीत करते हैं, उसी तरह हम भी, (भिक्षा में) कुछ भी न मिलने पर प्रीतिसुख का आस्वादन करते हुए अपना समय बिता लेंगे।" 'आभस्सर' शब्द के अर्थ के लिये **मलालशेखर का शब्दकोष** देखें।

२०१. गाथा : जयं वेरं पसवति—यहाँ **जयं** शब्द शतृ प्रत्यय का रूप है। अतः इसका अर्थ आचार्य ने लिखा है—दूसरे को जीतने वाला। यह गाथा **संयुक्तनिकाय** में भी (प्र०भा०, पृ० १३९)उपलब्ध है॥

२०२. गाथा : नत्थि दोससमो कलि—यहाँ आचार्य ने 'कलि' का अर्थ किया है—अपराध। कुछ विद्वान् 'पाप' अर्थ से काम चलाते हैं। विद्वान् **मैक्समूलर** ने 'द्यूत का भाग्यहीन पासा' अर्थ किया है। जो कि सायणभाष्य से उधार लिया ज्ञात होता है; क्योंकि **सायणाचार्य** ने **अथर्ववेद** (७/१०१/१) के मन्त्र में आये 'कलि' का अर्थ अपने भाष्य में यों किया है—"पराजयहेतुः पञ्चसङ्ख्यायुक्तोऽक्षविषयो यः स कलिरित्युच्यते"।

नत्थि खन्धादिसा दुक्खा—यद्यपि पालिसाहित्य में **'स्कन्ध'** शब्द मनुष्यशरीरावयव (अङ्गविशेष) कन्धे के अर्थ में भी प्रयुक्त हुआ है, परन्तु यह साधारणतः प्रायः पारिभाषिक अर्थ में ही प्रयुक्त हुआ है, जिसका अर्थ है—पाँच उपादानस्कन्ध। वे (उपादानस्कन्ध) ये हैं—१. रूप, २. वेदना, ३. संज्ञा, ४. संस्कार एवं ५. विज्ञान। ये पाँच उपादानस्कन्ध एकत्र (संयुक्त) होकर जन्मपरम्परा का ग्रहण करते हैं, अतः ये दुःखस्वरूप हैं। इसीलिये त्रिपिटक में कहा है—

"यथा हि अङ्गसम्भारा होति सद्दो 'रथो' इति।
एवं खन्धेसु सन्तेसु होति 'सत्तो' ति सम्मुति॥

—सं०नि०, प्र०भा०, पृ० २२३, (बौ०भा०सं०)

२०३. गाथा : जिघच्छापरमा रोगा—यहाँ 'जिघच्छा' शब्द के मूल (संस्कृत) रूप दो हो सकते हैं; १. जिघत्सा (भूख) और २. जिघृक्षा (ग्रहण करने की इच्छा (तृष्णा) या उपादान)। दोनों ही अर्थ यहाँ गृहीत किये जा सकते हैं; परन्तु आचार्य इसकी व्याख्या यों करते हैं—"जैसे कोई अन्य रोग एक बार चिकित्सा करने पर समूल नष्ट हो जाता है, या दब जाता है (कुछ समय के लिये कम हो जाता है), यह बात जिघत्सा (भूख=भोजन करने की इच्छा) पर चरितार्थ नहीं होती; क्योंकि उसकी प्रतिदिन चिकित्सा (खाद्य पदार्थ का ग्रहण) करनी पड़ती है, अन्यथा यह सदा बढ़ती ही रहती है। अतः यह अन्य रोगों से उत्कृष्टतम कही गयी है।" अतः 'परम्परा' की रक्षा के लिये इसी अर्थ से सहमत होना पड़ेगा॥

२०४. गाथा : विस्सासपरमा ञाति—इसको आचार्य बुद्धघोष इस तरह स्पष्ट करते हैं—"माता हो या पिता, यदि उन पर विश्वास नहीं है तो वे असम्बन्धी ही कहलायेंगे। परन्तु जिस पर विश्वास हो, फिर भले ही वह अपना सम्बन्धीजन न भी हो तो भी, वह विश्वास के पात्र है। इसीलिये कहा जाता है—विश्वास सबसे बड़ा सम्बन्धीजन (रिश्तेदार) है॥"

२०५. गाथा : निद्दरो होति निप्पापो—'दरत्रासौ, भीतिर्भीः साध्वसं भयम्'—(अ०को० १/७/२१) के अनुसार 'दर' का अर्थ 'भय' होता है। अतः निद्दर का 'निर्भय' अर्थ उचित ही है। लोक (भाषा) में भी लोग इस अर्थ में 'निडर' शब्द का ही प्रयोग करते हैं॥

२०६. गाथा : साहु दस्सनमरियानं—यहाँ 'साहु' का अर्थ 'साधु' है। आचार्य बुद्धघोष लिखते हैं—"**साहू** ति साधु। सुन्दरं, भद्दकं।"

सन्निवासो सदा सुखो—'ऐसे आर्यों का केवल दर्शन ही साधु नहीं है, अपि तु उनके साथ बैठना उठना भी भद्रतादायक ही होता है; इसी बीच यदि उनकी सेवा-शुश्रूषा करने का भी अवसर मिल जाय तब तो फिर कहना ही क्या है!"—यह इस वाक्यांश का आचार्य बुद्धघोषकृत व्याख्यान है॥

२०९. गाथा : अयोगे युञ्जमत्तानं—अयोगे = अयोग्य, अनुचित मनःसङ्कल्प। यहाँ 'अनुचित मनःसङ्कल्प' से वेश्याओं के साथ रहना आदि षड्विध मनःसङ्कल्प अभिप्रेत है। ऐसे अनुचित मनःसङ्कल्प में अपने को लगाते हुए। **योगे**—उसके विपरीत 'योग्य में'। योग्य मनःसङ्कल्प में न लगाते हुए। **अत्थं हित्वा**—'अर्थ' कहते है प्रव्रज्याकाल में आरब्ध अधिशील, अधिचित्त एवं अधिप्रज्ञ शिक्षाओं को। **पियग्गाही—प्रिय** अर्थात् पाँच कामगुणों को प्रिय की तरह करता हुआ। **पिहेतत्थानुयोगिनं**—उस कुकर्म द्वारा शासन (धर्म) च्युत होकर पुनः गृहस्थ धर्म स्वीकार कर, बाद में जो आत्मानुयोग (आत्मसंयम) द्वारा शीलादि गुण संगृहीत कर देवमनुष्यों से लाभ-सत्कार प्राप्त करते हैं उनसे ऐसी स्पृहा (ईर्ष्या) करता है कि मैं भी इन जैसा हो जाऊँ!॥

२१८. गाथा : उद्धंसोतो ति वुच्चति—इस वाक्यांश की व्याख्या में आचार्य बुद्धघोष कहते हैं—ऐसा भिक्षु अविह नामक देवलोक में उत्पन्न होकर, वहाँ से च्युत होकर, प्रतिसन्धि (पुनर्जन्म) के आश्रय से उससे ऊपर अकनिष्ठ देवलोक जाता हुआ 'ऊर्ध्वंस्रोताः' कहलाता है।

२३०. गाथा : नेक्खं जम्बोनदस्सेव—यहाँ नेक्ख (सं० निष्क) शब्द के तीन अर्थ होते हैं—१. सुवर्णमुद्रा (भिन्न भिन्न मूल्य की, परन्तु १६ माशा या एक कर्ष के तोल वाले सुवर्ण के समान); २. १०८ से १५० कर्ष के तोल का सुवर्ण, या ३. सुवर्ण का बना कण्ठाभूषण। ये तीनों ही अर्थ यहाँ संगत प्रतीत होते हैं।

२५६. गाथा : येनत्थं साहसा नये—आचार्य बुद्धघोष ने इस गाथांश का व्याख्यान इस प्रकार किया है—"स्वेच्छाचारिता (छन्द) आदि में प्रतिष्ठित होकर साहस=मृषावाद के साथ जो निर्णय करे। अर्थात् १. जो **स्वेच्छाचारिता के वश में होकर** 'यह मेरा सम्बन्धी है', 'यह मेरा प्रिय है'—ऐसा मानकर असत्य का आश्रयण कर अनधिकारी के पक्ष में अधिकार का निर्णय कर दे; २. **द्वेष के कारण**, अधिकारी होते हुए भी उसे, अपना विरोधी (शत्रु) समझता हुआ, उसके न्याय्य पक्ष से च्युत कर देता है; या फिर ३. **मोह में प्रतिष्ठित होकर**, विवाद को सुनते समय, उपेक्षापूर्वक इधर उधर देखता हुआ, अन्त में असत्य भाषण के सहारे से 'इसने जीत लिया', या 'यह पराजित हो गया' आदि कहकर दूसरे को पराजित कर देता है। या फिर ४. **भय के कारण** किसी ऐश्वर्यशाली के, जो उस वाद में पराजय के निकट पहुँच

चुका है, पक्ष में निर्णय कर देता है, उसे विजयी बना देता है। यह सब 'साहसपूर्वक निर्णय' कहलाता है। ऐसा न्यायाधीश 'धर्मपूर्वक निर्णयकर्ता' नहीं कहलाता। जो विद्वान् (न्यायाधीश) अर्थ (उचित) एवं अनर्थ (अनुचित)—दोनों का विचार करके निर्णय करता है वही वास्तविक न्यायाधीश है। आगे की गाथाओं में भी 'असाहसेन' का अर्थ भी इसी भाव में समझ लें॥

२७२. गाथा : फुसामि नेक्खम्मसुखं—'नेक्खम्म' शब्द का बौद्धशास्त्रसम्मत व्याख्यान हम पीछे (गाथा सं० १८१) में कर आये हैं। उसे भी देख लें। यहाँ आचार्य ने 'नेक्खम्मसुखं' का व्याख्यान—'अनागामी सुख' किया है। या "मैं उस अनागामी सुख को प्राप्त करूँगा'—इतने मात्र से" यह किया है॥

२७३. गाथा : द्विपदानं च चक्खुमा—यहाँ आचार्य बुद्धघोष ने भी 'चक्खुमा' का अर्थ पालिपरम्परानुसार तथागत (भगवान् बुद्ध) ही किया है। यहाँ 'च' पाठ से अरूपधर्मियों का भी ग्रहण किया गया है, अतः अरूपधर्मियों में भी तथागत ही श्रेष्ठ हैं—यह समझना चाहिये॥

२७५. गाथा : अञ्ञाय सल्लकन्तनं—आचार्य कहते हैं—"यह आर्य (अष्टाङ्गिक) मार्ग राग शल्य आदि का निकालने वाला, काटने वाला, विशृङ्खलित (अव्यूहन) करने वाला है। मैने परम्परया श्रवण किये विना ही अर्थ का साक्षात्कार कर तुम्हें यह मार्ग निर्दिष्ट किया है॥

२८६. गाथा : अन्तरायं न बुज्झति—आचार्य ने इस वाक्यांश को यों स्पष्ट किया है—"'इस समय में, इस देश में, इस आयु में मैं मरूँगा'—ऐसा वह अपने जीवन पर आने वाले सङ्कट के विषय में नहीं सोच पाता।"

२८७. गाथा : सुत्तं गामं महोघो व—अट्ठकथा—"**सुत्तं गामं** ति। निद्दं उपगतं सत्तनिकायं। **महोघो वा** ति। यथा एवरूपं गामं गम्भीरवित्थतो महन्तो महानदीनं ओघो, अन्तमसो सुनखं पि असेसेत्वा, सब्बं आदाय गच्छति। एवं वुत्तप्पकारं नरं मच्चु आदाय गच्छतीति अत्थो"। (जैसे गम्भीर निद्रा में सोये हुए समस्त ग्राम को महानदियों का गहरा एवं विस्तृत जलप्रवाह, यहाँ तक कि एक कुत्ते को भी न छोड़कर, बहाये विना किसी भी दशा में नहीं छोड़ता; उसी प्रकार मृत्युराज उक्त प्रमादसम्पन्न पुरुष को निर्दयतापूर्वक लेकर चल देते हैं।) तु०—पूर्व गाथा सं० ४७॥

२८८. अन्तकेनाधिपन्नस्स—मृत्यु द्वारा गृहीत के। कहने का तात्पर्य है कि सांसारिक जीवन में तो पुत्र आदि अन्न पानादि देकर, या किसी अन्य सङ्कट में सहायक होकर रक्षक बन भी सकते हैं; परन्तु मृत्यु द्वारा अधिगृहीत होने पर वे (पुत्रादि) भी विवश हो जाते हैं तथा उसकी रक्षा करने में असमर्थ ही रह जाते हैं। इसलिये कहा है—"सम्बन्धिजन भी ऐसे समय में रक्षा नहीं कर सकते।"

२९२. गाथा : **यं यं किच्चं अपविद्धं**—यहाँ आचार्य ने भिक्षु के लिये कृत्य (पालनीय कर्म) एवं अकृत्य (त्याज्य कर्म) का परिगणन इस प्रकार किया है—**कृत्य**—१. अपरिमित शीलस्कन्ध की रक्षा, २. अरण्यवास, ३. धुताङ्ग व्रतों का धारण, एवं ४. भावनारामता (करुणा, मैत्री आदि की निरन्तर भावना)। **अकृत्य**—भिक्षु के लिये अपने छाते, जूते, खड़ाउँ, पात्र, स्थाली, जलपात्र कायबन्धन, आदि को ही सदाते सँवारते रहना॥

२९३. गाथा : **किच्चे सातच्चकारिनो**—आचार्य कहते हैं—कृत्य में निरन्तरता लाने वाले, अर्थात् विना रुके साधना करने वाले। १. उसकी स्मृति की उपस्थिति (अविप्रवास) से वर्तमान के सार्थक सम्प्रजन्य (विवेक), २. सत्प्राय (लाभप्रद) सम्प्रजन्य; ३. गोचरसम्प्रजन्य एवं ४. असम्मोह सम्प्रजन्य—इन चारों सम्प्रजन्यों से युक्त साधक के चारों ही आश्रव क्षीण हो जाते हैं, अभाव को प्राप्त हो जाते हैं॥

२९४. गाथा : **मातरं पितरं हन्त्वा**—इस गाथा का अर्थ आचार्य बुद्धघोष के शब्दों में—''*तत्थ : **सानुचरं** ति। आयसाधकेन आयुत्तकेन सहितं। एत्थ हि 'तण्हा जनेति पुरिसं' (सं०नि०, प०भा०, पि० ६२, बौ०भा०सं०) ति वचनतो तीसु भवेसु सत्तानं जननतो तण्हा **माता** नाम। 'अहं असुकस्स रञ्ञो वा राजमहामत्तस्स वा पुत्तो' ति पितरं निस्साय अस्मिमानस्स उप्पज्जनतो अस्मिमानो **पिता** नाम। लोकतो विय राजानं यस्मा सब्बदिट्ठिगतानि द्वे सस्सतुच्छेददिट्ठियो भजन्ति, तस्मा द्वे सस्सतुच्छेददिट्ठियो **द्वे खत्तियराजानो** नाम। द्वादसयोजनानि वित्थतट्ठेन रट्ठसदिसत्ता **रट्ठं** नाम। आयसाधको आयुत्तकपुरिसो विय तन्निस्सितो नन्दिरागो **अनुचरो** नाम। **अनीघो** ति। निद्दुक्खो। **ब्राह्मणो** ति। खीणासवो निद्दुक्खो हुत्वा याती ति—अयमेत्थत्थो*''॥ ***(विस्तार के लिये यहाँ की धम्मपदट्ठकथा अवश्य देखें, पृ० १६६८ से १६७०)॥***

२९५. गाथा : **मातरं पितरं हन्त्वा**—इस गाथा का अर्थ भी आचार्य बुद्धघोष के शब्दों में यों है—''*तत्थ : **द्वे च सोत्थिये** ति। द्वे च ब्राह्मणे। इमिस्सा गाथाय सत्था अत्तनो धम्मिस्सरताय च देसनाकुसलताय च सस्सतुच्छेददिट्ठिया द्वे ब्राह्मण-राजानो कत्वा कथेसि। **वेयग्घपञ्चमं** ति। एत्थ व्यग्घानुचरितो सप्पटिभयो दुप्पटिपन्नो मग्गो वेयग्घो नाम। विचिकिच्छानीवरणं पि तेन सदिसताय वेयग्घं नाम। तं पञ्चमं अस्सा ति नीवरणपञ्चमं वेयग्घपञ्चमं नाम। इदं च वेयग्घपञ्चमं अरहत्तमग्गञाणासिना निस्सेसं **हन्त्वा अनीघो याति ब्राह्मणो** ति अयमेत्थत्थो। सेसं पुरिमसदिसमेवा ति*''॥

